प्रेषक,

मृदांशु कुमार,
अपर सिविल जज सी0डि0 कक्ष सं0–1,
बरेली।

द्वारा, जनपद न्यायाधीश,
जनपद बरेली।

सेवा में,

महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषयः चल–अचल संपत्ति के विवरण के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि माननीय महोदय के पत्रांक सं0–14325/iv-H-16/Admin(3 December 2021 Allahabad) के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी अपना विवरण 2015–16, 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–2020, 2020–2021 की चल–अचल संपत्तियों का विवरण संलग्न कर माननीय महोदय की सेवा में प्रेषित कर रहा है। 2015 तक चल–अचल संपत्ति का विवरण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–01.10.2016 को माननीय महोदय की सेवा में प्रेषित किया गया है।

वर्ष 2016 से 2021 तक की चल–अचल संपत्तियों के विवरण प्रस्तुत किये जाने में हुये विलम्ब के विषय में सादर अवगत कराना है कि वर्ष 2017 में अधोहस्ताक्षरी की माता जी का देहान्त होने, वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण एवं वर्ष 2021 में प्रार्थी के बड़े भाई का निधन हो जाने के कारण उपरोक्त विवरण प्रेषित किये जाने में जो विलम्ब हुआ है उसके लिये अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है।

अतः माननीय महोदय से सादर अनुरोध है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित चल–अचल संपत्तियों के विवरण को स्वीकार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित करने की कृपा करें। प्रार्थी सदैव आभारी रहेगा।

आदर सहित!

भवदीय

दिनांक–09.12.2021

(मृदांशु कुमार)
अपर सिविल जज (सी0डि0)
न्यायालय सं0–1 बरेली।